भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2618

(दिनांक 11.12.2024 को उत्तर देने के लिए)

डीडीके मेरठ द्वारा डीडीके दिल्ली कार्यक्रमों का प्रसारण

2618. श्री अरुण गोविलः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मेरठ के परीक्षितगढ़ रोड स्थित दूरदर्शन केन्द्र पिछले चार-पांच वर्षों से अस्तित्व में होने के बावजूद दूरदर्शन केन्द्र, दिल्ली के कार्यक्रमों का प्रसारण कर रहा है जैसाकि इसकी शिलान्यास कार्यक्रम में कहा गया था कि इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कला एवं संस्कृति, कृषि, व्यवसाय, उद्योग, खेल-कूद, अनुसंधान आदि की उपलब्धियों का प्रदर्शन होगा और इन क्षेत्रों में इसकी उपलब्धियों का प्रतिनिधित्व किया जाएगा तथा उत्तर प्रदेश की संस्कृति का प्रतिनिधित्व किया जाएगा;

(ख) दिल्ली दूरदर्शन केन्द्र के कार्यक्रमों का इस केन्द्र में प्रसारण किए जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) इस केन्द्र द्वारा उत्तर प्रदेश में कला एवं संस्कृति, व्यवसाय, उद्योग, कृषि, अनुसंधान से संबंधित कार्यक्रमों का निर्माण और प्रसारण कब तक किया जाएगा?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (ग): प्रसार भारती के पास मेरठ में आकाशवाणी का एक 10 किलोवाट का एफएम रिले स्टेशन प्रचालनरत है, जो एफएम रेनबो चैनल प्रसारित करता है। दूरदर्शन डीडी यूपी चैनल जिसका प्रसारण दूरदर्शन केंद्र लखनऊ से किया जाता है, उत्तर प्रदेश के लिए एक समर्पित चैनल है। डीडी यूपी चैनल पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूरे उत्तर प्रदेश राज्य की कला और संस्कृति, व्यापार, उद्योग, कृषि आदि को प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रम प्रसारित करता है।

*****